# मुख्य खरीद प्रक्रिया परीक्षा विषयान्तर्गत नेपा लिमिटेड में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

दैनिक इंदौर समाचार



**नेपानगर।** भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में क्रय मुख्य तकनीकी परीक्षा प्रक्रिया पर द्वि-सत्रीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण केंद्रीय सतर्कता आयोग के तहत न्यू दिल्ली के मार्गदर्शन में सतर्कता विभाग द्वारा प्रशासनिक भवन विनीत कुमार, भारतीय राजस्व सेवा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रोक्योरमेंट सीटीई एग्जामिनेशन प्रॉसीजर विषय पर प्रथम चरण में मास्टर ट्रेनर्स उप महाप्रबंधक कार्य एवं वाणिज्य सुरेंद्र मेहता और सहायक अधिकारी वाणिज्य निलेश पाटिल और दुसरे सत्र में शिवनन्दन उमाले और वाणिज्य विभाग की सपना दुबे ने सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी साझा की। इस दौरान प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी किशोर महाजन, मनीषकांत शर्मा, सुनील कुमार कुलथे, सुधीर कुमार पटले, देवेंद्र महोबे, अनिल करोले, दीपक सिंह ठाकुर और संजय पवार कुमार देशमुख, विजय चौधरी,सीएन वर्मा, पिंटू कुमार, बिजेंद्र कुमार, अंकुर गोयल, उदेश नकुल, संजय सुगंधी आदि शामिल थे।

**सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन-** जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि आयोग के निर्देशों के इस वर्ष 'सतर्कता- हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत नेपा लिमिटेड न केवल अपने अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन कर रहा है

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 18 Aug 2025

# नेपा लिमिटेड में हुआ क्रय तकनीकी परीक्षा प्रक्रिया पर विशेष प्रशिक्षण

**स्वदेश समाचार ■ नेपानगर**

केंद्रीय सतर्क ता आयोग के निर्देशानुसार नेपा लिमिटेड में क्रय मुख्य तकनीकी परीक्षा प्रक्रिया पर द्वि-सत्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार (आईआरएस) ने किया।



पहले सत्र में सुरेंद्र मेहता और निलेश पाटिल, जबकि दूसरे सत्र में शिवनंदन उमाले और सपना दुबे ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। प्रतिभागियों को प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में महेंद्र केसरी, किशोर महाजन, मनीषकांत शर्मा, कुमार देशमुख, विजय चौधरी, सीएन वर्मा, अंकुर गोयल सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि, इस वर्ष 18 अगस्त से 17 नवंबर तक सतर्क ता-हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस पहल ने कर्मचारियों में पारदर्शिता, प्रक्रियागत शुद्धता और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को मजबूत किया।

दैनिक भास्कर

बुरहानपुर 18-08-2025

**कार्यक्रम • कर्मचारियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों की दी गई विस्तृत जानकारी**

# नेपा में क्रय मुख्य तकनीकी परीक्षा प्रक्रिया पर दो चरणों में दिया प्रशिक्षण

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के दिशा-निर्देशन में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में क्रय मुख्य तकनीकी परीक्षा प्रक्रिया पर दो सत्रीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। संस्थान के सतर्कता विभाग द्वारा प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सभागार में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार, भारतीय राजस्व सेवा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रोक्योरमेंट सीटीई एग्जामिनेशन प्रोसीजर विषय पर दो चरणों में प्रशिक्षण दिया गया।



पहले सत्र में उप महाप्रबंधक कार्य एवं वाणिज्य सुरेंद्र मेहता और सहायक अधिकारी वाणिज्य निलेश पाटिल मास्टर ट्रेनर्स के रूप में शामिल हुए। द्वितीय सत्र में सतर्कता विभाग के शिवनंदन उमाले और वाणिज्य विभाग की सपना दुबे प्रशिक्षक की भूमिका में रहे। दोनों सत्रों में अधिकारियों, कर्मचारियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीष कांत शर्मा, उप प्रबंधक अनुरक्षण सुनील कुमार कुलथे, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, विभागाध्यक्ष डी-इंकिंग संयंत्र देवेंद्र महोबे, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले, दीपक सिंह ठाकुर और संजय पवार ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं द्वितीय सत्र में प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक वित्त व लेखा सीएन वर्मा, उप प्रबंधक अनुरक्षण पिंटू कुमार, उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंट बिजेंद्र कुमार, सहायक प्रबंधक पेपर मशीन अंकुर गोयल, उदेश नकुल, संजय सुगंधी शामिल रहे। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि आयोग के निर्देशों के अनुपालन में इस वर्ष सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत नेपा लिमिटेड न केवल अपने अधिकारियों-कर्मचारिय ों के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन कर रहा है, बल्कि नगर के अन्य विभागों और विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को भी इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने अधिकारियों, कर्मचारियों में न केवल पारदर्शिता और प्रक्रियागत शुद्धता के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि कार्य संस्कृति में नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना को भी सशक्त किया।

# नेपा लिमिटेड में क्रय मुख्य तकनीकी परीक्षा प्रक्रिया पर विशेष प्रशिक्षण



**बुरहानपुर/नेपानगर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग,नई दिल्ली के दिशा-निर्देशन में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में क्रय मुख्य तकनीकी परीक्षा प्रक्रिया पर द्वि-सत्रीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। संस्थान के सतर्कता विभाग द्वारा प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सभागार में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार,भारतीय राजस्व सेवा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रोक्योरमेंट सीटीई एग्जामिनेशन प्रॉसीजर विषय पर दो चरणों में प्रशिक्षण दिया गया। पहले सत्र में उप महाप्रबंधक कार्य एवं वाणिज्य सुरेंद्र मेहता और सहायक अधिकारी वाणिज्य निलेश पाटिल मास्टर ट्रेनर्स के रूप में शामिल हुए। द्वितीय सत्र में सतर्कता विभाग के शिवनन्दन उमाले और वाणिज्य विभाग की सपना दुबे प्रशिक्षक की भूमिका में रहे। दोनों सत्रों में अधिकारियों-कर्मचारियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी,प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन,प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा,उप प्रबंधक अनुरक्षण सुनील कुमार कुलथे,उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, विभागाध्यक्ष डी-इंकिंग संयंत्र देवेंद्र महोबे सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले, दीपक सिंह ठाकुर और संजय पवार ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं द्वितीय सत्र में प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख,प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी,उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा,उप प्रबंधक अनुरक्षण पिंटू कुमार,उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंट बिजेंद्र कुमार,सहायक प्रबंधक पेपर मशीन अंकुर गोयल,उदेश नकुल,संजय सुगंधी आदि शामिल रहे। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि आयोग के निर्देशों के अनुपालन में इस वर्ष 'सतर्कता- हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत नेपा लिमिटेड न केवल अपने अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन कर रहा है, बल्कि नगर के अन्य विभागों और विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को भी इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने अधिकारियों-कर्मचारियों में न केवल पारदर्शिता और प्रक्रियागत शुद्धता के प्रति जागरूकता बढ़ाई,बल्कि कार्य संस्कृति में नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना को भी सशक्त किया।

# नेपा लिमिटेड में दो चरणों में प्रशिक्षण, अधिकारी कर्मचारी हुए शामिल

**चौथा संसार**

बुरहानपुर,(निप्र)। केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशन में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में क्रय मुख्य तकनीकी परीक्षा प्रक्रिया पर द्वि-सत्रीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। संस्थान के सतर्कता विभाग द्वारा प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सभागार में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार, भारतीय राजस्व सेवा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रोक्योरमेंट सीटीई एग्जामिनेशन प्रॉसीजर विषय पर दो चरणों में प्रशिक्षण दिया गया।

पहले सत्र में उप महाप्रबंधक कार्य एवं वाणिज्य सुरेंद्र मेहता और सहायक अधिकारी वाणिज्य निलेश पाटिल मास्टर ट्रेनर्स के रूप में शामिल हुए। द्वितीय सत्र में सतर्कता विभाग के शिवनन्दन उमाले और वाणिज्य विभाग की सपना दुबे प्रशिक्षक की भूमिका में रहे। दोनों सत्रों में अधिकारियों-कर्मचारियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा, उप प्रबंधक अनुरक्षण सुनील कुमार कुलथे, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, विभागाध्यक्ष डी-इंकिंग संयंत्र देवेंद्र महोबे, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले, दीपक सिंह ठाकुर और संजय पवार ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं द्वितीय सत्र में प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा, उप प्रबंधक अनुरक्षण पिंटू कुमार, उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंट बिजेंद्र कुमार, सहायक प्रबंधक पेपर मशीन अंकुर गोयल, उदेश नकुल, संजय सुगंधी आदि शामिल रहे।

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि आयोग के निदेशों के अनुपालन में इस वर्ष ह्यसतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारीह्व विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत नेपा लिमिटेड न केवल अपने अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन कर रहा है, बल्कि नगर के अन्य विभागों और विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को भी इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने अधिकारियों-कर्मचारियों में न केवल पारदर्शिता और प्रक्रियागत शुद्धता के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि कार्य संस्कृति में नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना को भी सशक्त किया।



नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

# नेपा लि. में क्रय मुख्य तकनीकी परीक्षा प्रक्रिया का दिया प्रशिक्षण



नेपा लिमिटेड में क्रय मुख्य तकनीकी परीक्षा शिविर में शामिल अधिकारी। • नईदुनिया

नईदुनिया न्यूज, नेपानगर। केंद्रीय सतर्कता आयोग दिल्ली के निर्देशन में नेपा लिमिटेड में क्रय मुख्य तकनीकी परीक्षा प्रक्रिया पर दो सत्र का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने प्रतिभागियों को प्रोक्योरमेंट सीटीई एग्जामिनेशन प्रोसीजर विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

पहले सत्र में उप महाप्रबंधक कार्य एवं वाणिज्य सुरेंद्र मेहता और सहायक अधिकारी वाणिज्य निलेश पाटिल मास्टर ट्रेनर्स के रूप में शामिल हुए। द्वितीय सत्र में सतर्कता विभाग के शिवनन्दन उमाले और वाणिज्य विभाग की सपना दुबे प्रशिक्षक की भूमिका में रहे। दोनों सत्रों में अधिकारियों, कर्मचारियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों की विस्तृत जानकारी दी गई। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि इस वर्ष सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम ने अधिकारियों, कर्मचारियों में न केवल पारदर्शिता और प्रक्रियागत शुद्धता के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि कार्य संस्कृति में नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना को भी सशक्त किया।

- **प्रोक्योरमेंट सीटीई एग्जामिनेशन प्रोसीजर विषय पर दिया प्रशिक्षण**
- **सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों की विस्तृत जानकारी भी दी**